MP BIRLA GROUP

**Vindhya Telelinks Limited**
**Regd. Office :** Udyog Vihar, P.O. Chorhata,
Rewa - 486 006 (M.P.) India.
Tel. : (07662) 400400 · Fax : (07662) 400591
E-Mail : headoffice@vtlrewa.com · Website : www.vtlrewa.com
PAN No. AAACV7757J · CIN No. L31300MP1983PLC002134
GSTIN : 23AAACV7757J1Z0

VTL/CS/2024-25/Reg-47/30 18 MAY 2024

BSE Ltd.
Corporate Relationship Department
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
P.J. Towers, Dalal Street,
Fort,
**MUMBAI-400 001**

**Company's Scrip Code: 517015**

The Manager,
Listing Department,
The National Stock Exchange of India Ltd,
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E),
**MUMBAI-400 051**

**Company's Scrip Code: VINDHYATEL**

Dear Sirs,

**Sub: Newspaper Advertisement – Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and year ended on 31st March, 2024**

Pursuant to Regulation 47 and Regulation 30 read with Schedule III of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the Newspaper Advertisements of the Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter and year ended on 31st March, 2024 published in Newspapers viz. – Financial Express (in English) and Dainik Jagran (in Hindi) on 18th May, 2024.

We request you to kindly take the above on record and oblige.

Thanking you,

Yours faithfully,
**For Vindhya Telelinks Ltd.**

VINDHYA TELELINKS LTD. REWA

**(Dinesh Kapoor)**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above.

# पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालयों में सार्थक एप से दर्ज होगी उपस्थिति

## 1 जुलाई को दोनों महाविद्यालय का होगा उद्घाटन, आवश्यक तैयारी के दिए निर्देश




जागरण, रीवा

जिले का अग्रणी मॉडल साइंस महाविद्यालय का उन्नयन पीएम उत्कृष्ट कॉलेज के रुप में किया गया है। ऐसे ही, नवीन जिला मऊगंज का शहीद केदारनाथ महाविद्यालय को भी पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालय का दर्जा मिला है। अब इन दोनों महाविद्यालयों पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालय के रुप में आगामी 1 जुलाई को उद्घाटन होगा। इस लिहाज से आवश्यक तैयारी के लिए संबंधित महाविद्यालय प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है। महाविद्यालयों को 15 जून तक साफ-सफाई, रंगरोगन आदि कार्यवाही करना है। इस संबंध में गत दिवस उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा ने निर्देशित करते हुए कहा कि इन महाविद्यालयों में कम से कम 1 से 5 रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रम आरम्भ किये जाए। जिन नवीन पाठ्यक्रमों में छात्रों का प्रवेश होना है, उनका तत्काल अध्ययन मंडल का गठन कर पाठ्यक्रम तैयार कराया जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि इन दोनों महाविद्यालयों के शैक्षणिक, अशैक्षणिक व छात्रों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से दर्ज की जायेगी। इन महाविद्यालयों में प्रतिमाह होने वाली गतिविधि की जानकारी देने स्वामी विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र के नाम से बोर्ड भी तैयार किया जायेगा।

### नवीन पद हुए स्वीकृत

गौरतलब है कि मप्र शासन की घोषणा अनुसार सत्र 2024-25 से इन महाविद्यालयों का पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालय के रूप में संचालन होना है। इन दोनों महाविद्यालयों में आवश्यकता के अनुसार नवीन अधोसंरचना विकास के लिए 6-6 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा, इन दोनों महाविद्यालयों में 37-37 शिक्षकों के नवीन पद स्वीकृत किए गए हैं। इन पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालयों को बहुसंकायी बनाया जायेगा। अर्थात् अभी मॉडल साइंस में केवल विज्ञान संकाय के छात्रों को प्रवेश मिलता रहा। अब पीएम उत्कृष्ट कॉलेज होने पर वाणिज्य व कला संकाय के छात्रों को भी प्रवेश देना आरम्भ हो गया है तथा संबंधित संकाय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरु हो गए हैं। मॉडल साइंस में कला व वाणिज्य संकाय में पढ़ाई आरम्भ कराने विभाग ने उक्त नवीन पद स्वीकृत किए हैं। जबकि मऊगंज महाविद्यालय में पहले से कला व विज्ञान संकाय है। इन दोनों संकाय में 37 नवीन पद स्वीकृत कर शिक्षकों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इसके अलावा, तृतीय-चतुर्थ श्रेणी के पद भी स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें फिलहाल आउटसोर्स के जरिये भरा जायेगा।

## डी ग्रेडिंग होने से दो प्राचार्यों से मांगा स्पष्टीकरण

**रीवा।** सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण करने में अग्रणी महाविद्यालय व शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इस कारण विभाग के आयुक्त ने बतौर सीएम हेल्पलाइन एल-1 व एल-2 अधिकारी संबंधित प्राचार्यों से स्पष्टीकरण मांगा है। प्राचार्यों को 3 दिन के भीतर संतोषजनक उत्तर न मिलने पर आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा संबंधित प्राचार्यों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में शुक्रवार को आयुक्त ने पत्र जारी किया है। इस पत्र में उल्लेखित है कि विगत 9 मई को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिले की डी ग्रेड दर्शित हो रही है। इतनी बुरी स्थिति होने पर आयुक्त उच्च शिक्षा ने नाराजगी जाहिर की है। साथ ही, तत्काल सुधार के निर्देश दोनों प्राचार्यों को दिए हैं। गौरतलब है कि पिछले दो महीने से लोकसभा चुनाव में महाविद्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी व्यस्त हैं, जो व्यस्त नहीं हैं, उन्होंने भी चुनाव का बहाना बनाकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण करने से किनारा कर रखा है। इस कारण ही दो महीनों में लंबित प्रकरणों की सूची बढ़ती जा रही है। इस मामले को अब आयुक्त उच्च शिक्षा ने गम्भीरता से लिया है।

# छात्राओं को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने किया प्रेरित




## जीडीसी में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रीवा।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में लैब इक्विपमेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला छात्राओं को लैब उपकरणों के प्रचालन में प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव ने की। प्राचार्य ने छात्राओं कों भविष्य को ध्यान में रखते हुए उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। संचालक व आयोजक रसायनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ के. एन. शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। रिसोर्स पर्सन मॉडल साइंस के डॉ संजय तिवारी एवं न्यू साइंस की डॉ शैलजा सचान ने उपकरणों के महत्व को समझाया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं को उपकरणों का उपयोग करने की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला में न्यू साइंस कॉलेज की छात्राओं ने भी सहभागिता की। इस दौरान डॉ अर्चना गुप्ता, डॉ मनीषा प्रधान, डॉ. निवेदिता अग्रवाल, डॉ विकास पांडेय एवं डॉ संतोष तिवारी उपस्थित रहे।

# एपीएस में अवर लैंड अवर फ्युचर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को जागरूक करना है उद्देश्य



**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण, जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी विभाग में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का मुख्य विषय अवर लैंड अवर फ्युचर रखा गया है। प्रतियोगिताओं की इस श्रंखला में सर्वप्रथम 15 मई को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के पर्यावरण जीव विज्ञान विभाग में हुआ। 17 मई को विश्वविद्यालय के बायोकेमेस्ट्री विभाग में उपरोक्त विषय पर ही निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी गई। जहां रंगोली प्रतियोगिता के लिये निर्णायक मण्डल के सदस्यों के रूप में डॉ. रितु मिश्रा, डॉ. प्रीति तिवारी एवं डॉ. रितु सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया वहीं निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. सुनील पाण्डेय एवं डॉ.जगजीत कौर का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. समता शुक्ला ने बताया कि विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, पर्यावरण जीव विज्ञान, बायोकेमेस्ट्री, फार्मेसी, साइकोलॉजी, गणितीय विज्ञान विभाग, कम्प्यूटर साइंस एवं विधि आदि विभागों से तकरीबन 30 प्रतिभागियों ने रंगोली एवं लगभग 62 प्रतिभागियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। अब अगली पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के जैवप्रौद्योगिकी एवं सूक्ष्मजैविकी विभाग में दिनांक 20 मई को आयोजित की जायेगी। विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार तिवारी ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षण विभागों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है एवं प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागिओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. अशुरानी पटेल, डॉ. नीति मिश्रा, डॉ. शमा अंसारी, डॉ.उदिता सिंह, डॉ.प्रमिला सिंह, डॉ. रूपम यादव, डॉ. दीपाली शुक्ला, डॉ.संगीता तिवारी,डॉ. खुशबू त्रिवेदी, डॉ. अरविन्द त्रिपाठी एवं डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. राजेश पाण्डेय, आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## स्व.जेएन भाया मेमोरियल अंतर संभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

# शहडोल को 21 रनों से पराजित कर इंदौर बना चैंपियन

### इंदौर के शुभम शर्मा रहे फाइनल मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**जागरण, रीवा।** डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व.जेएन भाया टी-20 अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में इंदौर एवं शहडोल की टीमों के बीच खेला गया। जिसमे एक बार फिर प्रदेश क्रिकेट में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुये इंदौर की टीम ने शहडोल को 21 रनों से पराजित करते हुये विजेता बनने का गौरव हासिल किया। उक्त जानकारी देते हुये आरडीसीए के मानसेवी सचिव कमल श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि फाइनल मैच में टॉस जीतकर शहडोल ने इन्दौर को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये एक बार फिर 200 का स्कोर पार किया व निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 209 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इन्दौर के सभी प्रमुख बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अनुभवी शुभम शर्मा ने सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली उनके अतिरिक्त हर्ष गवली ने 43 रन, सागर सोलंकी ने 35 रन एवं कुलदीप गेही ने 32 रन बनाये। शहडोल की ओर से अक्षय मिश्रा ने 2 विकेट लिये।

जीत के लिये मिले 210 रनों का पीछा करते हुये शहडोल के बल्लेबाजों ने भी सराहनीय खेल दिखाया पर वह जरूरी लक्ष्य से 21 रन पीछे रह गये व उनकी टीम निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी। शहडोल की ओर से देवांश विश्वकर्मा ने 46 रन , राज डाबी ने 42 रन नॉट आउट बनाये। इन्दौर के लिये गेंदबाजी करते हुये लकी मिश्रा एवं आकाश राजावत ने 2-2 विकेट लिये। इस प्रकार फाइनल मुकाबले को 21 रनों से जीतते हुये इंदौर खिताब जीता। फाइनल मैच के अंपायर पुष्पेंद्र भदौरिया, प्रेमशंकर भार्गव थे, टीवी अंपायर कमलेश शुक्ला रहे जबकि स्कोरर पवन तिवारी थे। फाइनल मैच के समाप्त होने के उपरांत अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उपविजेता टीम शहडोल को उपविजेता ट्राफी तथा इन्दौर टीम को स्व.जेएन भाया ट्राफी प्रदान की गई। शहडोल के मासूम रजा एवं इंदौर के सागर सोलंकी को मैच का सर्वश्रेष्ठ फील्डर घोषित किया गया। जबकि इन्दौर की ओर 63 रनों की पारी खेलने वाले शुभम शर्मा को फाइनल मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम में मैच के आर्ब्ज्वर श्याम दुबे, मध्यप्रदेश सीनियर टीम सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन अनूप सबनिस, चयनकर्ता सचिन धौलपुरे, अजय राजपूत, जफर अली के अतिरिक्त मध्यप्रदेश रणजी टीम के पूर्व कप्तान ब्रजेश तोमर, संजय पाण्डेय, आरडीसीए के उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं संजय सिंह, सचिव कमल श्रीवास्तव, सह सचिव अरूण शुक्ला, वरिष्ठ खिलाड़ी फ रीद खान, अनुराग सेठी, जिला क्रिकेट संघ सतना के सचिव आनंद सिंह, प्रदीप शुक्ला, महेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र शुक्ला, सहित कई पूर्व व वर्तमान खिलाड़ी, खेल प्रेमी समुदाय उपस्थित रहा ।

## हाइपरटेंशन का मुख्य कारण तनाव और अनियंत्रित खान पानः डॉ.शुक्ला




**जागरण,रीवा।** ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हाइपरटेंशन दिवस मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ.एसपी शुक्ला उपस्थित रहे, उन्होंने विभाग के सभी छात्रों की संबोधित करते हुए कहा की हाइपरटेंशन का मुख्य कारण तनाव और अनियंत्रित खान पान से होता है। इसके अलावा मोटापा नींद की कमी तेलीय पदार्थ के अधिक सेवन से यह बीमारी होती है। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अमित तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस आयोजन में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.रामयश साहू, डॉ.अन्नू तिवारी, डॉ.कल्पना त्रिपाठी, डॉ.परवीन बानो, डॉ.निकिता मिश्रा, प्रो.संध्या सिंह, प्रो ललिता मिश्र, डॉ.अंबर शुक्ला, डॉ. विवेक यादव, डॉ.सविता चक्रधारी, प्रो.अंजली सिंह, प्रो.ज्ञानेंद्र तिवारी, प्रो.श्रद्धा तिवारी प्रो.सुधा मिश्रा सहित अन्य प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## निफ्ट परीक्षा में दर्शिका की ऑल इण्डिया 74 वीं रैंक



**रीवा।** राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान(निफ्ट) की प्रवेश परीक्षा 2024 के परिणाम जारी हो गए, जिसमें दर्शिका गुप्ता ने ऑल इण्डिया 74 वीं रैंक प्राप्त की है। शहर के सिरमौर चौक के आरआईटी कालोनी निवासी व्यवसायी मनीष गुप्ता एवं वर्षा गुप्ता की बेटी दर्शिका गुप्ता ने यह सफलता प्राप्त की। इस सफलता के लिए परिवार जनों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डीएलएड ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 22 मई तक

**जागरण, रीवा।** मण्डल द्वारा संचालित सत्र 2023-24 की प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठयक्रम डीएलएड नियमित परीक्षा प्रथम व द्वितीय वर्ष की आवेदन भरने की अंतिम तिथि 22 मई तक हो गई है। अध्ययनरत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने हेतु पूर्व में आदेश क्रमांक 3419-3420 प.स. 2024 भोपाल 8 अप्रैल 2024 को जारी आदेश में 14 अप्रैल 2024 को ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि थी। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 22 मई 2024 तक विलंब शुल्क राशि 1500 के साथ तिथि में वृद्धि की गई है। संबंधित संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि नियत तिथि तक छात्रों के ऑनलाईन आवेदन पत्र भराना सुनिश्चित करें।

AIIMS दिल्ली के हृदय रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ अखिलेश दुबे 19 मई को रीवा में



प्रख्यात हृदय रोग सुपर स्पेशलिस्ट, इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट डॉ अखिलेश दुबे MD, DM (कॉर्डियोलॉजी) गोल्ड मेडलिस्ट AIIMS नई दिल्ली, पूर्व कंसल्टेंट स्टर्लिंग हॉस्पिटल बड़ौदा, निर्देशक-गैलेक्सी हॉस्पिटल जबलपुर के द्वारा 19 मई रविवार (प्रत्येक माह के तीसरे रविवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक हृदय रोग से सम्बंधित सभी प्रकार के रोगियों का जैसे एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी, हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, रक्त धमनियों में अवरोध होना, सीने में भारीपन दबाव या असहज महसूस होना, पैरों में व पूरे बदन में सूजन आना, पेस मेकर, बायपास, ओपेन हार्ट सर्जरी, एंजियोप्लास्टी आदि के फॉलोअप मरीज , बच्चों में हृदय की बीमारी होना, दिल मे छेद होना,व बच्चों में हर्दिय से सम्बंधित पाई जाने वाली सभी प्रकार की बीमारियों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। डॉ दुबे अब तक 12 (बारह) हजार से ऊपर एंजियोप्लास्टी सफलता पूर्वक कर चुके है साथ ही साथ हृदय रोगों से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, डॉ दुबे के द्वारा कामता क्लीनिक रीवा में विगत तीन वर्षों से प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को नियमित OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें।

-Advt.

ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ सचिन सिंह 19 मई को रीवा में



राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 19 मई दिन रविवार को (प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन व कमर का दर्द, लकवा, सिर का दर्द (माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह के द्वारा लगभग 10000 (दस हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है,डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत छः वर्षों से कमाता क्लीनिक में मरींजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें।

-Advt.

विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, डाकघर-चोरहटा, रीवा - 486006 (म.प्र.)
CIN: L31300MP1983PLC002134
Telephone No: 07662-400400, Fax No: 07662-400591
Email: headoffice@vtlrewa.com; Website: www.vtlrewa.com

**31 मार्च, 2024 को समाप्त हुई तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(लाख ₹ में)

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| | | (अंकेक्षित) | (अनांकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 128998.36 | 108373.68 | 137492.75 | 408652.93 | 290011.06 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 14497.79 | 9210.96 | 13689.78 | 37671.97 | 24656.40 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 14497.79 | 9210.96 | 13689.78 | 37671.97 | 24656.40 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 10834.94 | 6875.62 | 10130.69 | 28268.81 | 18531.16 |
| 5 | समयावधि के लिए विस्तृत आय [ समयावधि के लिए लाभ (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) को समावेशित करते हुए ] | 11067.94 | 9851.49 | 13448.54 | 57953.04 | 18651.06 |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश आय मूल्य रु.10/- प्रति) | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 |
| 7 | आरक्षतियाँ (पुनर्मुल्यांकन आरक्षित को छोड़ कर) | | | | 374081.90 | 318119.24 |
| 8 | आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (रु. 10/- प्रति अंश) (वार्षिककरण रहित) | 91.43 | 58.02 | 85.48 | 238.54 | 156.37 |

**कम्पनी की अंकेक्षित एकांगी मुख्य वित्तीय सूचनाएं इस प्रकार हैं:**

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| | | (अंकेक्षित) | (अनांकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 128998.36 | 108373.68 | 137492.75 | 408652.93 | 290011.06 |
| 2 | कर के पूर्व लाभ | 6596.34 | 4823.17 | 9858.34 | 20616.09 | 20352.22 |
| 3 | कर के पश्चात लाभ | 4922.12 | 3592.16 | 7359.80 | 15505.55 | 15430.36 |
| 4 | समयावधि के लिए विस्तृत आय | 1914.03 | 971.84 | 6816.84 | 20743.70 | 13934.40 |

टिप्पणियां:
1. संचालक मण्डल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए 10/- रुपये अंकित मूल्य के पूर्णप्रदत्त समता अंश पर 15/- रुपये (150%) प्रति अंश लाभांश की अनुशंसा की है। लाभांश का भुगतान कम्पनी के आगामी वार्षिक साधारण सभा में अंशधारकों के अनुमोदन पर निर्भर है।
2. उपरोक्त विवरण कम्पनी के 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित एवं एकांगी वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है जो कि सेबी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। उपरोक्त तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.vtlrewa.com पर भी उपलब्ध है।

कृते विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड

(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094
नई दिल्ली

दिनांक : 17 मई, 2024